पत्र सूचना शाखा
(राजभवन सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

——————

राज्यपाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद संग्रहालय समिति की बैठक सम्पन्न

——————

लखनऊः 15 जुलाई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की अध्यक्षता में आज यहां राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में इलाहाबाद संग्रहालय समिति की कार्यपालक समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल जी के समक्ष निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय (गुप–ए) पद पर नियुक्ति हेतु प्रस्ताव, विभागीय प्रोन्नति समिति (डी0पी0सी0) द्वारा संग्रहपाल (गुप–ए) पद पर प्रोन्नति हेतु संस्तुति उपरान्त कार्यकारिणी को सूचना एवं अनुमोदन प्रस्ताव के साथ–साथ इलाहाबाद संग्रहालय के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021–22 एवं वार्षिक लेखा वर्ष 2021–22 को अनुमादित कर अंगीकृत करने पर चर्चा की गई।

बैठक में राज्यपाल जी ने संग्रहालय में निर्मित हो रही आजाद गैलरी की प्रगति को भी देखा। उन्होंने इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं कार्यपालक समिति द्वारा प्रस्तुत किए गए वार्षिक प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखा का अनुमोदन भी किया। इसी क्रम में उन्होंने संग्रहालय के स्वतंत्र प्रवेश द्वार के निर्माण पर भी चर्चा की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, इलाहाबाद संग्रहालय समिति और कार्यपालक समिति के सदस्य–सचिव, कुलपति एवं प्रभारी निदेशक डा0 अखिलेश कुमार सिंह, दो विशेषज्ञ तथा आनलाइन बैठक में जुड़े संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार से संयुक्त सचिव लिली पाण्डेय के प्रतिनिधि अभिषेक नारंग तथा संग्रहालय की

कार्यपालक समिति के सदस्य एवं पूर्व महानिदेशक एन0आर0एल0सी0 लखनऊ डा0 बी0बी0 खरबड़े तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डा0 सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी/राजभवन /(272/28)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361